राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा

14 मई 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 03

मम्मी सो रही है

आज की कविता

मम्मी सो रही हों तो फिर बच्चों की मौज ही मौज। न कोई रोकने वाला न कोई टोकने वाला।न पढ़ाई का घंटा और न खाने का टंटा। दौड़ भाग और उठापटक, कभी यहाँ झटक कभी वहाँ लटक। ऐसी ही धमाचौकड़ी वाली कविता सुनते हैं आज। इस कविता को सुनने के लिए विडियो के चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए । RSLPP

सड़क पुल

आज की कहानी

कच कछुआ, फुद मेढक और बॅक बत्तख का अब पुराने तालाब से मन भर गया है। वो दूसरे तालाब जाना चाहते हैं पर बीच में है सड़क,और सड़क पर आती जाती हैं मोटर गाड़ियां। अब तीनों कैसे करेंगे सड़क पार? क्या बढ़ऊ मगरमच्छ के पास है कोई तरकीब ? वे दूसरे तालाब में पहुंच पाएंगे या नहीं ? जानने के लिए कहानी सुनें "सड़क पुल "। इस कहानी को सुनने के लिए

6+ वर्ष के बच्चों के लिए । रूम टू रीड

कुछ तो गड़बड़ है !

आज की किताब

क्या होगा अगर आपके साइकिल के पहिये चौकोर हो जाएं ? आपकी गेंद तिकोनी हो जाए? और आपको पता चले कि एक जादूगर आपके गाँव में आगया है, वह ऐसा कर सकता है। हमारी रोजमर्रा की चीजों का आकार बदल सकता है । इसमें कुछ मजा भी है, कुछ दिक्कत भी । फिर तो बड़ी गड़बड़ हो जाएगी । जादूगर की जादूगरी देखने के लिए आइए सुने ये

6+ वर्ष के बच्चों के लिए । रूम टू रीड



ठंडे पानी का थर्मस

आज की गतिविधि

क्या आपको इस तपती गर्मी में ठंडे पानी की जरुरत है और पानी को ज्यादा देर तक ठंडा भी रखना है? आपके लिए इस बार अरविंद गुप्ता जी प्रस्तुत कर रहे हैं पानी को ज्यादा देर तक ठंडा रखने की गतिविधि को। इसगतिविधि में घर में उपलब्ध चीजों से आप अपना थर्मस बना सकते है। जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें और वीडियो देखें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए । अरविंद गुप्ता टॉयज़

ये किस हिन्दी का उपयोग करती हैं

टीचर्स कॉर्नर

नीतिगत दस्तावेज लगातार मातृ भाषा,स्थानीयभाषा कीवकालत करते रहते हैं लेकिन पाठ्यपुस्तकें अपना अलग ही चरित्र लेकर चलती हैं। पाठ्यपुस्तकें बोलचाल की भाषा से परहेज करती हैं। अब ऐसे में अवधारणा समझना और भी दुरूहहो जाता है जब हमें भाषा के स्तर परही संघर्ष करना पड़ रहा हो। विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों को लेकर अपने अनुभव के आधार पर लेखिका उमा सधीर इस मसले से जडे कछ और पहलओं को भी रेखांकित कर रही हैं । चित्र

शिक्षकों के लिए । संदर्भ पत्रिका



सीएलसी प्रतिभागी – हरमानराम का

हमारा पुॅस्तकालय

हरमान राम चित्तौडगढ़जिले में राजकीय विद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्षहैं और ये अपने विद्यालय के पुस्तकालय में बच्चों के बीच पढ़ने के आनंद के अनुभव को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। पुस्तकालय की ताकत को पहचानने और उसे विस्तार देने में लगे शिक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष इसकी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आइए इस बार पुस्तकालय के अनुभवों को लेकर पढ़ते हैं हरमान राम का

शिक्षकों के लिए। RSLPP

लाइब्रेरी का जादू

#घर में रहें
#आनन्दसेपढ़ें

साथियों, हवामहल का 107 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोड़िए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कांड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।